आकाशवाणी चंडीगढ़

30 मई 2025, समय 1810

समाचार

- रक्षा मंत्रालय ने मुनिशन इंडिया लिमिटेड आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड और इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड के लिए मिनीरत्न श्रेणी प्रथम का दर्जा स्वीकृत किया है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक के गांव पहरावर में गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को तीसरे कैंपस के शिक्षण संस्थानों के लिए समतुल्य अनुदान देने और राज्य के एक प्रमुख पार्क का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखने की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री ने गाँव पहरावर में 61 करोड़ 23 लाख रूपये की 9 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज़ादी के बाद से लेकर आज तक राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका रही है।
- हरियाणा के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए 50 करोड़ रुपये की दवाइयों और चिकित्सा उपकरण खरीदने की निविदाएं मंजूर की गई।

*************************************************************************************

रक्षा मंत्रालय ने मुनिशन इंडिया लिमिटेड -एमआईएल, आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड-एवीएनएल और इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड-आईओएल के लिए मिनीरत्न श्रेणी प्रथम का दर्जा स्वीकृत किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि तीन साल की छोटी सी अवधि में यह तीनों सार्वजनिक क्षेत्र में उपक्रम लाभ कमाने वाली कॉर्पोरेट संस्थाओं में बदल गए हैं। उन्होंने कंपनी का कारोबार बढ़ाने, स्वदेशीकरण को महत्व देने और मिनीरत्न का दर्जा दिए जाने के लिए आवश्यक अन्य मापदंडों को पूरा करने के लिए एमआईएल, एवीएनएल और आईओएल के प्रबंधन द्वारा की गई पहलों पर भी संतोष व्यक्त किया।

*************************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रोहतक के गांव पहरावर में गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को तीसरे कैंपस के शिक्षण संस्थानों के निर्माण के लिए राज्य सरकार की ओर से समतुल्य अनुदान देने की घोषणा की।उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार इन संस्थानों के लिए सोसायटी द्वारा एकत्रित की गई राशि से अधिक अनुदान देगी। इसके अलावा, राज्य के एक प्रमुख पार्क का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखा जाएगा। स अवसर पर उन्होंने गाँव को 51 लाख रुपये का अनुदान देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने आज भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में गांव पहरावर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने अरोड़ा वंश के महाराज अरुड़ को भी याद किया

उन्होंने गुरु अर्जुन देव जी की शहादत को याद करते हुए कहा -

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने 61 करोड़ 23 लाख रुपये की कुल नौ परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। इसमें 54 करोड़ रुपये 26 लाख की लागत की पांच परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 6 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत की चार परियोजनाओं का उद्घाटन शामिल है।

**********************************************************************************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर न्यूनतम समर्थन मूल्य- एम.एस.पी. को लेकर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के शासन में सभी फसलों का एम.एस.पी. लागत के मुकाबले नाममात्र अधिक था, जबकि भाजपा सरकार ने समर्थन मूल्य में काफी वृद्धि की है।श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने एमएसपी के तहत किसानों को 23 लाख करोड़ रुपये वितरित किए हैं, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में सात लाख करोड़ रुपये आवंटित किए थे।कृषि मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में दाल, तिलहन और कपास की कीमतें कई गुना बढ़ी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता का विश्वास खो चुकी कांग्रेस अब बेबुनियाद आरोप लगाने वाले प्रभावहीन नेताओं तक सीमित हो कर रह गई है।

************************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज़ादी के बाद से लेकर आज तक राष्ट्र निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका रही है।मुख्यमंत्री आज रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के वार्षिक अधिवेशन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।मुख्यमंत्री ने सभी पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए, राष्ट्रहित में अपनी लेखनी को आधार बनाने वाले सभी पत्रकारों की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि मीडिया की स्वतंत्रता लोकतंत्र की मजबूती का आधार स्तंभ है। देश की आजादी के आंदोलन में पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकार समाज को अपने विचारों से नई दिशा देते हैं। मुख्यमंत्री नायाब सिंह ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में मीडिया का योगदान महत्वपूर्ण है। समाज में नई चेतना उत्पन्न करते हुए योजनाओं से लाभान्वित करने में मीडिया की सक्रिय भूमिका प्रशंसनीय है । मीडिया लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है और हरियाणा सरकार भी मीडिया के हितों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठा रही है।अधिवेशन में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी शिरकत की।

********************************************************************************

हरियाणा के स्वास्थ्य सेवा ढांचे को मजबूत करने के लिए 50 करोड़ रुपये की दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों के लिए कई निविदाएं मंजूर की गई हैं।स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति कि बैठक में 10 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत वाली 19 एफेरेसिस मशीनों की खरीद के लिए टेंडर को मंजूरी दी गई। ये मशीनें डेंगू के मरीजों के इलाज में प्लेटलेट अलग के लिए प्रयोग होती है। इसके इलावा थैलेसीमिया रोगियों के लिए समिति ने ल्यूको रिडक्शन फिल्टर के लिए 1 करोड़ 90 लाख रुपये की निविदा को मंजूरी दी। इसके अतिरिक्त समिति ने अन्य महत्वपूर्ण इंजेक्शन और दवाओं के साथ-साथ कैंसर रोधी दवाओं और इंजेक्शन की खरीद के लिए भी लगभग 16 करोड़ रुपये की निविदा को मंजूरी दी है।

************************************************************************

अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य रमेश पाल नहोनी ने आज अंबाला छावनी में लोगों को कुरुक्षेत्र में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जयंती समारोह में भाग लेने का निमंत्रण दिया।

*************************************************************************

देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कुरुक्षेत्र जिले के पिपली में राज्य स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा।कर्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे ।कुरुक्षेत्र में हरियाणा विमुक्त घुमंतु विकास बोर्ड के अध्यक्ष जय सिंह पाल ने यह जानकारी दी।

**********************************************************************

पलवल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज विद्यार्थीयों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष विभाग के योग सहायकों द्वारा प्रोटोकाल के अनुसार विद्यार्थीयों को योगाभ्यास कराया गया। योग सहायक पवन कुमार शर्मा ने बताया कि योगाभ्यास के दौरान सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अलोम विलोम तथा अनेक योग प्राणायाम के लाभों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि पलवल में जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में मनाया जाएगा जिसमें पलवल जिले के करीब 10 हजार बच्चे भाग लेगें।

**********************************************************************

भारतीय रिजर्व बैंक -आरबीआई ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2025-26 के दौरान भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। आरबीआई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि निजी खपत में वृद्धि, बैंकों और कॉरपोरेट कंपनियों की स्वस्थ बैलेंस शीट, वित्तीय स्थिति में सुधार और पूंजीगत व्यय पर सरकार का निरंतर जोर भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि बनाए रखने में सहायक होगा।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि घरेलू मांग में सुधार, उच्च क्षमता उपयोग, कॉरपोरेट्स और बैंकों की स्वस्थ बैलेंस शीट तथा उपभोक्ता और व्यापार तथा विनिर्माण क्षेत्र में और तेजी आने की उम्मीद है।

*************************************************************************

आजकल हरियाणा के अधिकांश क्षेत्रों में तेज हवाएं आंधी वह हल्की बारिश दर्ज की जा रही है। मौसम में बदलाव का यह सिलसिला लगातार बना हुआ है।चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ मदन लाल खीचड़ ने कहा  कि पिछले दो दिन से प्रदेश में मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है।